**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम–सोमवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0–17 का उत्तर :–**

.........................................................................

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 17(क)- क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-भदोही में ज्ञानपुर क्षेत्र के नवाजीपुर सेमराध मार्ग से गंगापुर तलिया परमहंस आश्रम होते हुये पूरब रसापट्टी जोखू प्रधान डुहिया से राधे श्याम पाण्डेय दुर्गा मंदिर तक मिटटी लेपन एवं 900 मीटर चौड़ीकरण और पुलिया का निर्माण न होने के कारण क्षेत्रीय जनता व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है? | जनपद भदोही में ज्ञानपुर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रसापट्टी, नेवाजी सेमराध मार्ग से परमहंस आश्रम होते हुए गंगापुर तलिया मार्ग से जुड़ा है तथा ग्राम डुहिया व दुर्गा मंदिर नेवाजी सेमराध से इनारगांव सम्पर्क मार्ग से जुड़ा है। जोखू प्रधान डुहिया से राधेश्याम पाण्डेय दुर्गा मंदिर तक मार्ग निर्माण डबल कनेक्टिवटी में है, जो लोक निर्माण विभाग की प्रचलित योजना से आच्छादित नहीं है। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त कार्य कब तक पूर्ण करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**